https://cm.jharkhand.gov.in/

# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 25/01/2024**

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति --24/2024**
**25 जनवरी 2024**
**मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची**
**=============**





मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज राष्ट्रीय जतरा समिति, रांची के सदस्य गणों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 31 जनवरी और 1 फरवरी को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जतरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड के अलावा अन्य पड़ोसी राज्यों के जनजातीय समुदायों के कलाकारों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।





मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष श्री अंतू तिर्की, महासचिव  श्रीमती नीलम बिरुली और  श्रीमती राधा हेंब्रम, श्री सूरज टोप्पो, श्री नरेश पाहन, श्री अमित मुंडा, श्रीमती निरंजना हेरेंज टोप्पो, श्री मोहन तिर्की, श्री मिथिलेश कुमार, श्री सुरेश मिर्धा, श्री नारायण साहू, श्री डब्लू मुंडा, श्री विक्की करमाली औऱ श्री राजकिशोर साहू मौजूद थे।

================

**#Team PRD(CMO)**